# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 19 अगस्त 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



GET IT ON
Google Play

Download App

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान के किस जिले में प्रदेश की पहली लेक्रोज खेल एकेडमी खोली जाएगी है?

(a) उदयपुर
(b) जोधपुर
(c) जयपुर
(d) इनमें से कोई नही

- राजस्थान के उदयपुर में प्रदेश की पहली लेक्रोज खेल एकेडमी खोली जाएगी है।
- महाराणा प्रताप खेलगांव स्थित हॉकी एस्ट्रो टर्फ मैदान के पास ही उदयपुर विकास प्राधिकरण ने काम शुरू कर दिया है।
82 लाख रुपए खर्च कर अक्टूबर तक सभी काम पूरा करने का लक्ष्य है। उदयपुर सहित प्रदेशभर के लेक्रोज खिलाड़ी यहां प्रशिक्षण ले सकेंगे।
- एकेडमी के तैयार होने के बाद यहां राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं हो सकेंगी।
- सन 1908 में ओलिंपिक में खेले जाने वाला खेल लेक्रोज साल 2028 में फिर से ओलिंपिक में शामिल होने जा रहा है। अभी यह खेल 100 से अधिक देशों में खेला जा रहा है।

**01. राजस्थान में किस जिले की अनुया प्रसाद ने टोक्यो में होने वाले 2025 डेफ ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई किया है?**

(A) उदयपुर

(B) करौली

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- जयपुर की बेटी अनुया प्रसाद ने मूक-बधिर होने के बावजूद टोक्यो में होने वाले 2025 डेफ ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई कर देश का नाम रोशन किया
- पिछले साल जर्मनी के हनोवर में हुए विश्व डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल कंपटीशन में गोल्ड जीता था
- टॉप शूटरों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों श्रेणियों में ही अपना स्थान पक्का किया है।

02. हाल ही में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI) की हालिया सर्वे रिपोर्ट में उच्च गुणवत्ता वाली सिलिका सैंड के विशाल भंडार की पहचान कहां हुई है?

(A) सवाई माधोपुर

(B) करौली

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के सवाई माधोपुर और करौली जिले एक बार फिर से खनिज संपदा के मामले में सुर्खियों में आ गए हैं।
- जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI) की हालिया सर्वे रिपोर्ट में इन क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली सिलिका सैंड के विशाल भंडार की पहचान हुई है।
- यहां मिली सिलिका सैंड की शुद्धता इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुरूप है। यही कारण है कि इसका उपयोग ग्लास इंडस्ट्री, सोलर पैनल निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में बड़े पैमाने पर किया जा सकेगा।
- सिलिका सैंड की बढ़ती वैश्विक मांग को देखते हुए यह भंडार रणनीतिक रूप से बेहद अहम साबित होगा।

**03. राजस्थान जल संसाधन विभाग की ओर से कितने करोड़ रुपए की लागत से कपासना माइनर नहर के पुनर्वास कार्य किये जाएंगे?**

(A) 42.13 करोड़ रुपए

(B) 25.16 करोड़ रुपए

(C) 33.69 करोड़ रुपए

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जल संसाधन विभाग की ओर से कपासना माइनर नहर के पुनर्वास कार्य किया जाएगा। इस परियोजना का अनुमानित खर्च 25.16 करोड़ रुपए रखा गया है।
- कपासना माइनर नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर प्रणाली का हिस्सा है, जो चूरू जिले के सरदारशहर क्षेत्र में सिंचाई के लिए बनाई गई है
- इस परियोजना से सिंचाई तंत्र मजबूत होगा और किसानों को अधिक लाभ मिलेगा। नहरों की मरम्मत व मजबूती से पानी की उपलब्धता बेहतर होगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है

**04. हाल ही में जयपुर कैटरिंग डीलर्स समिति की ओर से 8वां कैटरर्स एक्सपो 2025 का उद्घाटन कब होगा?**

(a) 25 अगस्त

(b) 22 अगस्त

(c) 19 अगस्त

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जयपुर कैटरिंग डीलर्स समिति (रजि.) की ओर से आठवां कैटरर्स एक्सपो 2025 का भव्य उद्घाटन 22 अगस्त को एंटरटेनमेंट पैराडाइस (ईवी) ईस्ट लॉन जवाहर सर्किल जयपुर में आयोजित हो रहा है!
- यह कैटरर्स एक्सपो जयपुर और पूरे राजस्थान के कैटरिंग सेक्टर की श्रेष्ठता और नवीनतम ट्रेंड्स को प्रदर्शित करने का अनूठा अवसर होगा।
- इस आयोजन में देश-विदेश की बड़ी कंपनियां हिस्सा लेंगी और कैटरिंग व होटल मैनेजमेंट से जुड़े आधुनिक उपकरण, मशीनरी, किचन इक्विपमेंट और जरूरत की छोटी से बड़ी वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी।

05. सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए किस राज्य की टीम द्वारा राजस्थान में पीयर रिव्यू शुरू किया गया है?

(a) केरल

(b) मध्यप्रदेश

(c) हरियाणा

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशों पर सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए केरल राज्य की टीम द्वारा राजस्थान में पीयर रिव्यू शुरू किया गया है।
- यह समीक्षा 18 से 24 अगस्त तक जयपुर, उदयपुर, अलवर, चूरू, बूंदी और झुंझुनूं जिलों में होगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान का लक्ष्य आंगनवाड़ी सेवाओं में सुधार और सामुदायिक भागीदारी से कुपोषण का उन्मूलन है

06. राजस्थान की सबसे कम उम्र की विश्व यात्रा लड़की का रिकॉर्ड किसने अपने नाम किया है?

(A) मोनिका गुप्ता

(B) अदिति राव

(C) पूजा चौधरी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

दुनिया को अपने कदमों से नापने वाली मोनिका गुप्ता ने राजस्थान का नाम रोशन किया

- मोनिका ने राजस्थान की सबसे कम उम्र की विश्व यात्रा लड़की का रिकॉर्ड अपने नाम किया है।
- मोनिका ने 64 देशों व 6 महाद्वीपों की यात्रा कर राजस्थान की संस्कृति और पर्यटन को दुनिया तक पहुँचाया है।
- मोनिका एक ट्रैवल जर्नलिस्ट और कंटेंट क्रिएटर के रूप में जानी जाती हैं। इसके चलते उन्हें इंफ्लुएंसर बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया।

**07. राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र कब से शुरू होगा?**

(A) 15 सितंबर

(B) 01 सितंबर

(C) 21 सितंबर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र 1 सितंबर से शुरू होगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विधानसभा सत्र बुलाने की अधिसूचना जारी कर दी है।
- मानसून सत्र से पहले विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी सर्वदलीय बैठक बुलाएंगे
- विधानसभा का बजट सत्र 24 मार्च तक चला था, इसके बाद बजट सत्र का सत्रावसान कर दिया गया था। छह महीने के भीतर विधानसभा का सत्र बुलाया जाना जरूरी होता है।
- सितंबर के आखिर में छह महीने पूरे हो रहे हैं। छह महीने की अवधि पूरी होने से पहले ही अब 1 सितंबर से सत्र बुला लिया गया है।

08. राजस्थान में किस जिले के अंशुमान शेखावत ने विश्व यूनिवर्सिटी गेम्स (जर्मनी) में भारतीय बास्केटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया?

(A) जालोर

(B) जयपुर

(C) बाड़मेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- चर्चित खिलाड़ी : अंशुमान शेखावत (जयपुर) ने विश्व यूनिवर्सिटी गेम्स (जर्मनी) में भारतीय बास्केटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया।
- अंशुमान को पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला की ओर से नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स में शानदार प्रदर्शन के आधार पर चयनित किया गया।
- वर्तमान में राजस्थान सीनियर बास्केटबॉल टीम के खिलाड़ी हैं।

**09. श्रीलंका–भारत नौसैनिक अभ्यास (SLINEX-25) के 12वें संस्करण की शुरुआत कहां हुई?**

(A) तमिलनाडु

(B) केरल

(C) कोलंबो

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- श्रीलंका–भारत नौसैनिक अभ्यास (SLINEX-25) के 12वाँ संस्करणकी शुरुआत कोलंबो में हुई
- पहला चरण कोलंबो में 14 से 16 अगस्त 2025 तक बंदरगाह चरण में, तथा दूसरा चरण समुद्री चरण में 17 से 18 अगस्त
- भारतीय नौसेना के जहाज: INS ज्योति (टैंकर) और INS राणा (विध्वंसक) भाग ले रहे हैं।
- श्रीलंकाई नौसेना के जहाज: SLNS विजयबाहु और SLNS सयूरा शामिल हैं।
- उद्देश्य: दोनों नौसेनाओं के बीच सौहार्द और परिचालन

10. हाल ही में किस देश ने वर्ष 2036 तक शुक्र ग्रह पर वेनेरा-डी मिशन भेजने की योजना बनाई है ?

(A) रूस

(B) अमेरिका

(C) जापान

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- रूस ने 2036 तक शुक्र ग्रह पर वेनेरा-डी मिशन भेजने की योजना बनाई है
- मिशन का नाम: वेनेरा-डी, रूस का अगला शुक्र अन्वेषण मिशन
- उद्देश्य: उन्नत वैज्ञानिक उपकरणों के साथ शुक्र ग्रह का पुन: भ्रमण
- समय-सीमा: प्रारंभिक डिज़ाइन जनवरी 2026 में शुरू होगा; प्रक्षेपण 2034-2036 के बीच।
- सहयोगी: अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (IKI) और लावोच्किन एसोसिएशन।
- घटक: मिशन में एक लैंडर, बैलून प्रोब और कक्षीय अंतरिक्ष यान शामिल होंगे।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) ने किस वर्ष को "राजस्थानी पर्यटन वर्ष" घोषित किया?**

(A) वर्ष-2026

(B) वर्ष-2024

(C) वर्ष-2025

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

GK Search Engine Mobile App

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine